# नगर पालिक निगम भिलाई

## मासिक पत्रिका
## जनवरी 2023




नगर पालिक निगम भिलाई

# मॉडल टाउन में 10 लाख की लागत से बनेगा सड़क, महापौर नीरज पाल ने भूमि पूजन कर प्रारंभ कराया कार्य, खराब सड़क से मिलेगी निजात

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत मॉडल टाउन वार्ड क्रमांक 3 में सीसी रोड का निर्माण किया जाएगा। आज महापौर नीरज पाल ने भूमि पूजन कर कार्य को प्रारंभ करवाया। इस दौरान एमआईसी मेंबर संदीप निरंकारी, लाल चंद वर्मा तथा स्थानीय पार्षद हरिओम तिवारी मौजूद रहे। अधोसंरचना मद की राशि से सड़क का निर्माण होगा, 10 लाख की लागत से होने वाले सीसी रोड निर्माण कार्य की शुरुआत आज से हो चुकी है। काफी समय से रहवासी रोड की मांग कर रहे थे जिसको देखते हुए स्थानीय पार्षद ने महापौर को सड़क की स्थिति से अवगत कराया। महापौर ने इसे त्वरित संज्ञान लेकर निगम के अधिकारियों को एस्टीमेट तैयार करने के लिए निर्देश दिए। विभागीय प्रक्रिया पूरी करने के बाद आज विधि विधान से कार्य का भूमि पूजन कर सीसी रोड निर्माण कार्य प्रारंभ कराया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में मोहल्ले वासी भी मौजूद रहे। मोहल्ले वासियों ने कार्य के लिए महापौर तथा निगम प्रशासन का आभार व्यक्त किया। भूमि पूजन के दौरान नेहरू नगर के जोन आयुक्त राजेंद्र नायक तथा कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा भी मौजूद रहे।



# जिले का पहला एस्ट्रोनॉमी लैब भिलाई के सेक्टर 6 स्थित आत्मानंद स्कूल में खुला, महापौर नीरज पाल ने किया शुभारंभ, निगमायुक्त रोहित व्यास विशेष रुप से रहे मौजूद

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के सेक्टर 6 स्थित आत्मानंद स्कूल में आज एस्ट्रोनॉमी लैब का शुभारंभ भिलाई के महापौर नीरज पाल ने किया। इस दौरान निगम आयुक्त रोहित व्यास विशेष रूप से मौजूद थे। अब एस्ट्रोनॉमी लैब में बच्चों को ब्रह्मांड के बारे में सवालों के जवाब मिल सकेंगे। बच्चे यह जान सकेंगे कि आसमान का रंग नीला क्यों है, तारे क्यों चमकते हैं, चांद और सूरज कहां छिप जाते हैं, रात के समय आसमान काला क्यों दिखाई देता है, गुरुत्वाकर्षण का क्या प्रभाव पड़ता है, कितने प्रकार के ग्रह होते है, चंद्रमा ऑर्बिट कैसे करता है इत्यादि की जानकारी इस लैब के जरिए मिल पाएगी। टिमटिमाते तारे की नई-नई जानकारियां भी हासिल कर सकेंगे। इस एस्ट्रोनॉमी लैब में टेलीस्कोपिक की सुविधा भी मौजूद है। एस्ट्रोनॉमी लैब का प्रमुख उद्देश्य सभी छात्रों के अंदर अंतरिक्ष के व्यवहारिक ज्ञान के जरिए उत्सुकता जागृत करना, छोटी उम्र से ही सभी बच्चों में साइंटिफिक टेंपर विकसित करना, टेलिस्कोप के माध्यम से सौरमंडल के अन्य ग्रहों को पास से देखना और उनके चित्र को कैद करना, अंतरिक्ष व आकाश मंडल की गतिविधियों की जानकारी हासिल करना शामिल है। एस्ट्रोनॉमी लैब के शुभारंभ के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल, जोन अध्यक्ष राजेश चौधरी, जोन आयुक्त खिरोद्र भोई, सहायक संचालक शिक्षा अमित घोस, स्कूल की प्राचार्य दलजीत कोराडा, एस्ट्रोलैब डेवलपर अनुष्ठा दास वैष्णव, कार्यपालन अभियंता सुनील दुबे, सहायक अभियंता वसीम खान, उप अभियंता श्वेता महेश्वर तथा स्कूल के स्टॉफ व छात्र, छात्राएं मौजूद रहे।



# मोर मकान मोर आस के तहत 1250 लोगों के आवेदन प्राप्त, मुख्य कार्यालय सहित सभी जोन कार्यालय में सूची चस्पा

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत मोर मकान मोर आस के तहत 1250 आवेदन भिलाई निगम को प्राप्त हुए है। इन सभी की सूची निगम मुख्य कार्यालय सहित सभी जोन कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा की गई है। दावा-आपत्ति का अंतिम समय 12 जनवरी 2023 निर्धारित किया गया है। निर्धारित तिथि के पश्चात कोई भी दावा-आपत्ति मान्य नहीं किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि 1250 आवेदन जिसमें आम्रपाली हाउसिंग बोर्ड फेस टू में 350, एनार स्टेट खमरिया में 12 अविनाश मेट्रोपोलिस में 49, सूर्य विहार खमरिया में 156, माइलस्टोन स्कूल के पास 190, ग्रीन वैली खमरिया में 61, सूर्य विहार खमरिया में 410 तथा कृष्णा इंजीनियरिंग कॉलेज खमरिया में 20 आवेदन आवास के लिए प्राप्त हुए हैं। अब सूची चस्पा होने के बाद आवेदक इस सूची का अवलोकन कर सकते हैं तथा निर्धारित तिथि के भीतर दावा-आपत्ति कर सकते हैं।



# नई एजेंसी शीघ्र करेगी भिलाई में टैक्स वसूली का काम, एजेंसी ने दिया अपने कर्मचारियों को प्रशिक्षण

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत राजस्व करो की वसूली के अंतर्गत डोर टू डोर, राजस्व संपत्तिकर, समेकित कर, जलकर, विज्ञापन कर, यूजर चार्ज इत्यादि की वसूली कार्य के लिए नई एजेंसी शीघ्र ही टैक्स वसूली का काम चालू कर देगी। इसके लिए एजेंसी ने अपने कर्मचारियों को आज प्रशिक्षण दिया है। श्री पब्लिकेशन एंड स्टेशनर्स प्राइवेट लिमिटेड की एजेंसी अब टैक्स वसूली का काम करेगी। निगमायुक्त रोहित व्यास ने नई एजेंसी को शीघ्र टैक्स वसूली का कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं इसके साथ ही निगम के अधिकारियों को समन्वय स्थापित कर टैक्स वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए है। डोर टू डोर वसूली से लेकर टैक्स की अच्छी वसूली के लिए निगम का राजस्व बढ़ाने का काम अब नई एजेंसी करेगी। पार्षद भोजराज सिन्हा व वार्डवासी मौजूद रहे। इसके तहत निगम नया आईडी जारी करने का भी काम करेगा। एजेंसी के द्वारा एक समरूपता के तहत कर्मचारियों को ड्रेस कोड तथा पहचान पत्र प्रदान किया गया है, ताकि जब यह टैक्स वसूली के लिए जाएं तो टैक्स कलेक्शन में इन्हें आसानी हो। उल्लेखनीय है कि स्पैरो के अनुबंध की अवधि दिनांक 30 दिसंबर 2022 को समाप्त हो चुकी है। नई एजेंसी के कार्य प्रारंभ करने तक टैक्स कलेक्शन के लिए निगम मुख्य कार्यालय सहित समस्त जोन कार्यालय में टैक्स जमा करने की व्यवस्था निगम ने विभागीय तौर पर की है। यहां आकर करदाता आसानी से अपना टैक्स जमा कर सकते हैं।



# प्रियदर्शनी परिसर की सड़कों को किया जाएगा ठीक, आवागमन के लिए होगा सुगम, आकाश गंगा सुपेला से अंडरब्रिज जाने वाले रास्ते का होगा डामरीकरण

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर नीरज पाल, प्रियदर्शनी परिसर में होने वाले डामरीकरण कार्य के भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए और सड़क के सुधार के लिए कार्य को शुरू कराया। सुपेला चौक से सर्कस मैदान होते हुए प्रियदर्शनी परिसर मार्ग का रास्ता अपनाकर अंडर ब्रिज की ओर राहगीर आना-जाना करते हैं। प्रियदर्शनी परिसर पूर्व सुभाष चौक गुरुनाथ हॉस्पिटल के पीछे होते हुए दक्षिण गंगोत्री मेला ग्राउंड के सामने सुपेला मुख्य मार्ग का डामरीकरण स्वीकृत राशि 60.97 लाख की लागत से होगा।सड़क डामरीकरण, मरम्मत एवं संधारण को लेकर निगम प्रशासन इस पर शीघ्रता से कार्य कर रहा है। भिलाई की सड़कों को बेहतर बनाने के लिए निगम ने काफी समय से इस पर काम शुरू कर दिया था। प्रत्येक जोन क्षेत्र में सड़कों को दुरुस्त करने का काम किया जा रहा है। भूमि पूजन कार्य के दौरान सभापति गिरवर बंटी साहू, जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, लोक निर्माण विभाग के प्रभारी एवं महापौर परिषद के सदस्य अधिकांश एकांश बंछोर, जोन अध्यक्ष वैशाली नगर रामानंद मौर्या एवं मदर टैरेसा नगर के जोन अध्यक्ष जलंधर सिंह, स्थानीय पार्षद रवि शंकर कुर्रे एवं पार्षद योगेश साहू, महापौर के निज सचिव वसीम खान व उप अभियंता पुरुषोत्तम सिन्हा आदि मौजूद रहे।



# प्रशिक्षु आईएएस की टीम, छत्तीसगढ़ शासन की फ्लैगशिप योजनाओं से हुई अवगत, कहा योजनाओं का लाभ मिल रहा है सीधे लोगों को

भिलाई नगर/ आज 22 प्रशिक्षु आईएएस की टीम, छत्तीसगढ़ शासन की महत्वकांक्षी योजनाओं से अवगत हुई। प्रशिक्षु आईएएस की टीम ने सर्वप्रथम निगम आयुक्त रोहित व्यास व सहायक कलेक्टर लक्ष्मण तिवारी से मुलाकात की, आयुक्त रोहित व्यास ने शासन की प्रमुख योजनाओ के बारे में प्रशिक्षु आईएएस की टीम को अवगत कराया। निगम आयुक्त से मुलाकात के बाद टीम छत्तीसगढ़ शासन की महत्वपूर्ण योजना से रूबरू होने निकली। बच्चों के द्वारा बनाए गए अलग-अलग मॉडल देखें, फिजिक्स, केमिस्ट्री एवं बायोलॉजी लैब का भी निरीक्षण किया। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल की अवधारणा और इसके उद्देश्य की जानकारी प्रोजेक्टर के माध्यम से प्राप्त की। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल के बच्चों के जवाब सुनकर हुए प्रभावित प्रशिक्षु आईएएस के दल ने स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम शासकीय स्कूल सेक्टर 6 का अवलोकन किया। बच्चों के द्वारा बनाए गए अलग-अलग मॉडल देखें,एस्ट्रोनॉमी लैब देखा, टीम ने कहा कि सरकारी स्कूल में शिक्षा को लेकर यह अच्छा प्रयास है। इस दौरान विद्यार्थियों से भी बात की, पूछे जाने वाले प्रश्नों का बच्चों ने अंग्रेजी में त्वरित जवाब दिया, जिसे सुनकर टीम काफी प्रभावित हुई। टीम के भ्रमण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी जागेश्वर कौशल, शिक्षा विभाग के असिस्टेंट डायरेक्टर घोष, अधीक्षण अभियंता बीके देवांगन आदि मौजूद रहे।



# महापौर नीरज पाल ने निगम मुख्यालय व शहीद उद्यान में किया ध्वजारोहण

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय में व शहीद उद्यान सेक्टर 5 में महापौर नीरज पाल ने ध्वजारोहण किया। नगर पालिक निगम भिलाई के सभी जोन कार्यालयों में जोन समिति के अध्यक्ष ने ध्वजारोहण किया। निगम में हर्षोल्लास के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया। इसकी व्यापक तैयारी पूर्व से ही निगम ने की थी, चौक, चौराहा में स्थापित प्रतिमाओं की सफाई एवं माल्यार्पण किया गया। आयुक्त ने भी सभी अधिकारी/कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। शहीद उद्यान में देश भक्ति से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से महापौर परिषद के सदस्य, पार्षद गण एवं अन्य जनप्रतिनिधि एवं भिलाईवासी उपस्थित रहे। भिलाई निगम क्षेत्र अंतर्गत गणतंत्र दिवस के अवसर पर जगह-जगह तिरंगे की सजावट की गई थी। वही चौक चौराहों को भी सजाया गया था, निगम मुख्यालय को रंगीन झालर से सजाया गया था, पूरा माहौल देशभक्ति मय हो गया था। शहीद उद्यान में हजारों की संख्या में लोग गणतंत्र दिवस के अवसर पर पहुंचे थे, वही आने वाले सभी ने शहीदे आजम भगत सिंह की सबसे बड़ी प्रतिमा और कई फीट की ऊंचाई पर लहरा रहे राष्ट्रीय ध्वज के समीप पहुंचकर सेल्फी ली और आज यहां का पूरा माहौल देशभक्ति से ओतप्रोत नजर आया, सभी ने अपने-अपने तरीके से एक दूसरे को गणतंत्र दिवस की बधाईयां दी, बड़े बुजुर्गो, महिलाओं, युवाओ से लेकर छोटे-छोटे बच्चे भी देश भक्ति से ओतप्रोत नजर आए।



## गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर, निकायों में संचालित शासकीय योजनाओं की झांकी ने प्राप्त किया द्वितीय स्थान, मंत्री श्री रविंद्र चौबे के हाथों मिला सम्मान, निगमायुक्त रोहित व्यास एवं दुर्ग आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने प्राप्त किया सम्मान

भिलाई नगर/ गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर दुर्ग स्टेडियम में आयोजित विभिन्न योजनाओं की झांकी का प्रदर्शन किया गया। इसमें अलग-अलग विभागों ने योजनाओं को लेकर तथा कार्यों को लेकर झांकी तैयार किया था। झांकी के प्रदर्शन के लिए मितान ने बाइक पर सवार होकर झांकी की अगुवाई की तथा यह बताने का प्रयास किया कि मितान की सेवा त्वरित रूप से घर पहुंच देने के लिए सदैव तत्पर है। निगम आयुक्त रोहित व्यास के मार्गदर्शन में झांकी तैयार की गई थी। भिलाई निगम में झांकी तैयार करने के लिए मुख्य रूप से अधीक्षण अभियंता बी. के. देवांगन, सहायक अभियंता आर एस राजपूत एवं तपन अग्रवाल, दीप्ति साहू एवं उप अभियंता अर्पित बंजारे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



# पावर हाउस मार्केट क्षेत्र का निगम आयुक्त रोहित व्यास ने लिया जायजा, फल मंडी के समीप सर्विस रोड किनारे तैयार होगा वेंडिंग जोन

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत पावर हाउस ओवर ब्रिज के नीचे कबाड़ गुमटीओ को हटाने का काम निगम ने प्रारंभ कर दिया है। गुमटीओ को हटाने के बाद यहां पर व्यवस्थित तरीके से दुकानें संचालित करने की प्लानिंग की जा रही है। इसके लिए सर्वप्रथम ब्रिज के नीचे से तमाम ऐसे गुमटी जो काफी समय से संचालित नहीं हो रहे हैं तथा कबाड़ के रूप में तब्दील है उन्हें हटाने का काम किया जा रहा है। आयुक्त रोहित व्यास ने पावर हाउस के कई मार्केट क्षेत्रों का निरीक्षण कर वेंडिंग जोन बनाने के कार्यों की तैयारियों का जायजा लिया। ओवर ब्रिज के प्रारंभ से लेकर पावर हाउस तक उन्होंने अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सर्विस ओर से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। वही मलबा फैलाने वालों पर जुर्माना की कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। उल्लेखनीय है कि महापौर नीरज पाल, कलेक्टर पुष्पेन्द्र मीणा तथा आयुक्त रोहित व्यास ने कुछ दिन पूर्व पावर हाउस के कई इलाकों का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए थे। इसी तारतम्य में पावर हाउस मार्केट क्षेत्र को  व्यवस्थित करने का काम किया जा रहा है।अव्यवस्थित तरीके से लगने वाले ठेले तथा गुमटियों को व्यवस्थित भी किया जाएगा, जिससे ट्रैफिक से भी राहत मिलेगी। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा, सहायक अभियंता अनिल सिंह तथा उप अभियंता अमित एक्का, स्वच्छता निरीक्षक वीरेंद्र बंजारे आदि मौके पर मौजूद रहे।



# निगम प्रशासन ने 05 कर्मचारियों को दी स-सम्मान विदाई

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के 05 अधिकारी/कर्मचारी के सेवानिवृत्त होने के उपरांत उन्हें निगम प्रशासन ने विदाई समारोह का आयोजन कर ससम्मान विदाई दी। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को भिलाई निगम ने शाल, श्रीफल, प्रशस्तिपत्र, पुष्पगुच्छ व स्मृति चिन्ह देकर इन सभी का सम्मान किया गया। इस दौरान रिटायर्ड आईएएस वर्तमान में रेरा के सदस्य धनंजय देवांगन तथा स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति मुकेश वर्मा प्रमुख रूप से मौजूद थे। इस अवसर पर सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के परिजन भी मौजूद रहे। कर्मचारियों को विदाई देने के अवसर पर नगर पालिक निगम भिलाई के सभी विभागों के अधिकारी/कर्मचारी शामिल थे। प्रमुख रूप से इस अवसर पर बसंत देवांगन, स्टेनो टू आयुक्त पुरुषोत्तम साहू, विष्णु चंद्राकर, शरद दुबे, संजय शर्मा, अजय शुक्ला, कृष्णा देशमुख, राज सच्चर तथा कर्मचारी संघ के पदाधिकारी एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।




**Editorial Board**

श्री रोहित व्यास
भा.प्र.से.
आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

**Contact & Address**

श्री पी.सी सार्वा
जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
भिलाई